## एक नजर में

### बैजाताल पर अब केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की मिलेगी अनुमति

ग्वालियर। ग्वालियर नगर निगम ने शहर के सबसे प्रमुख और ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों में से एक बैजाताल को लेकर एक अहम आदेश जारी किया है। यह आदेश बैजाताल पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से जुड़ा हुआ है। नगर निगम आयुक्त के आदेशानुसार मोतीमहल के अंतर्गत स्थित बैजाताल पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए नगर निगम से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इस आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अब बैजाताल पर केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की ही अनुमति प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के राजनीतिक अथवा अन्य गैर-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए नगर निगम द्वारा अनुमति नहीं दी जाएगी। यह फैसला नगर निगम ने बैजाताल की सांस्कृतिक एवं पर्यटन महत्व की पहचान को बनाए रखना तथा स्थल की गरिमा एवं सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया है। इस आदेश के लागू होने के बाद अब बैजाताल पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को अब नगर निगम की अनुमति प्राप्त करने और आदेश का पूर्णतः पालन करने पर ही आयोजित हो सकेंगे। नगर निगम का यह फैसला शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक बैजाताल की सुंदरता बनाये रखने और संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



### जौहरी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित

ग्वालियर। नई सड़क बावन पायगा वार्ड 35 के क्षेत्र वासियों की ओर से म.प्र कांग्रेस कमेटी विकलांग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अनूप जौहरी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी हमीद खां उस्मानी, किशन लाल रैगर और देवेंद्र वर्मा ने कहा कि जौहरी द्वारा नई सड़क बावन पायगा वार्ड 35 में काफी समय से क्षेत्र वासियों की जन समस्याओं की निरंतर आवाज उठाते हुए क्षेत्र वासियों की हर समस्या चाहे सीवर की हो चाहे नलों में दूषित पानी, लाइट एवं क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की हो वार्ड से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए निराकरण कराया है। जौहरी को पुष्पहार पहनाते हुए शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में दयाल बाबू, दिलीप रैगर, मान सिंह, विवेक भाई, गोलू माहोर, मनोज रैगर आदि शामिल थे।

### पूर्व मंत्री यादव ने की कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने की अपील

ग्वालियर। प्रदेश कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री भगवानसिंह यादव ने दतिया उप चुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने के लिए जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के साथियों, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, भा.रा. छात्र संगठन तथा दतिया तथा प्रदेश के सभी आदरणीय पूर्व विधायकों, सांसदों एवं पंचायत के पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर रणनीति बनाई। पूर्व मंत्री भगवानसिंह ने दतिया क्षेत्र के अनुसूचित जाति के मतदाता, कुशवाह वर्ग के नेताओं, ब्राह्मण समाज के मतदाता, वैश्य एवं व्यापारी परिवार के सदस्यगण, सुनार, साहू, जोशी, कुम्हार, कायस्थ, दांगी, बुंदेला, लोधी, कमरिया आदि समाज के मतदाताओं, अभिभाषकों से कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह को समर्थन देने का आह्वान किया।



### न नि कर्मचारियों ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

ग्वालियर, 15 जुलाई। नगर पालिक निगम, ग्वालियर में कार्यरत लगभग 2600 विनियमित कर्मचारियों ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर नगर निगम इंदौर की तर्ज पर नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समान वेतनमान और अन्य सेवा लाभ प्रदान किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर में कुशल, अर्धकुशल एवं अकुशल श्रेणी के करीब 2600 विनियमित कर्मचारी वर्षों से विभिन्न विभागों में सेवाएं दे रहे हैं। कर्मचारियों ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं औद्योगिक न्यायाधिकरण, मध्यप्रदेश इंदौर के आदेशों के अनुपालन में नगर पालिक निगम इंदौर ने अपने यहां कार्यरत 535 विनियमित कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान वेतनमान एवं अन्य सेवा लाभ प्रदान करने का आदेश जारी किया है। इस संबंध में नगर निगम इंदौर के आदेश क्रमांक 226/स्था./2026 दिनांक 1 जुलाई 2026 की प्रति भी आयुक्त को प्रस्तुत की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में मिलने वाले वेतन कम होने के कारण कर्मचारियों को परिवार का भरण-पोषण करने में गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने मांग की है कि नगर निगम इंदौर की तर्ज पर नगर निगम ग्वालियर में भी एक समिति गठित कर विषय का परीक्षण कराया जाए तथा विनियमित कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान वेतनमान एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।




### एकाग्रता, स्पष्ट लक्ष्य और अनुशासन से ही मिलेगी सफलता : प्रो. आचार्य

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में बुधवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने विद्यार्थियों को एकाग्रता, आत्मप्रेरणा, अनुशासन और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण के साथ अध्ययन करने का संदेश देते हुए कहा कि यही गुण उन्हें जीवन में सफलता के शिखर तक पहुंचाएंगे। मुख्य अतिथि डॉ. नवनीत पचौरी ने कहा कि छात्र जीवन में आत्मप्रेरणा सबसे बड़ी शक्ति होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने कहा कि वाणिज्य केवल अर्थव्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज और जीवन को समझने का भी सशक्त माध्यम है। डीन प्रो. राजेंद्र खटीक ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और जीवन मूल्यों की भी शिक्षा देता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपक वर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. सुनीता चौहान ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डीन प्रो. राजेंद्र खटीक, विभागाध्यक्ष प्रो. एस.के. सिंह, डॉ. दीपक वर्मा, डॉ. सुनीता चौहान, नीलम खत्री, ब्रजेश राणा, नीलम त्रिपाठी, प्रीति सप्रे सहित विभाग के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### चालक की लापरवाही से नहर में गिरी ई-रिक्शा

ग्वालियर हाईवे पर ग्राम समुदन के पास एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है, जहां नशे की हालत में वाहन चला रहे एक ई-रिक्शा चालक के कारण उसमें सवार छात्रा नहर में जा गिरी। गनीमत रही कि नहर में पानी का स्तर कम होने के कारण छात्रा और चालक दोनों सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार, ग्राम भरतरी निवासी अशोक जाटव ई-रिक्शा चलाता है। मंगलवार को चालक ने शराब का नशा किया हुआ था। इसी हालत में एक छात्रा ने उसे सवारी के लिए हाथ दिया। नशे में धुत होने के बावजूद चालक ने छात्रा को रिक्शे में बैठा लिया और गंतव्य की ओर चल दिया। ग्राम समुदन के पास स्थित पुलिया पर पहुँचते ही रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर सीधे नहर में जा गिरा। रिक्शे के नहर में गिरने के बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए पानी में उतरकर छात्रा और चालक को सकुशल बाहर निकाला। इस पूरी घटना का मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने अपने मोबाइल फोन में वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की बैठक मे बड़े निर्णय

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 जुलाई.** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ग्वालियर ने आज़ खेड़ापति हनुमान मंदिर पर सुंदर कांड का पाठ करते हुये देश, समाज और जनकल्याण की सुख समृद्धी के लिये बैठक का आयोजन किया द्य बैठक मे मुख्य संरक्षक डॉ सत्येंद्र त्रिवेदी, राम मोहन त्रिपाठी, राजीव दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे. बैठक मे मुख्य संरक्षकों के सम्मान उपरान्त कई

**अपनों की याद मे होंगे पौधरोपण, परिचय सम्मेलन के साथ कान्यकुब्ज दर्पण का होगा प्रकाशन**




अहम मुद्दों पर निर्णय लिये गये। समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस बर्ष भी स्व. मोनिका द्विवेदी, प्रतीक रंजन मिश्र, सौरव चतुर्वेदी एवं अन्य अपनों की याद मे 101 पौधो का रोपण क़र उनको श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी द्य साथ ही इस वर्ष परिचय और सम्मान समारोह के साथ पत्रिका कान्यकुब्ज दर्पण के अगले अंक के विमोचन की तैयारियों पर चर्चा क़र विवाह योग्य बच्चे बच्चियों की जानकारी के साथ विधवा एवं तलाक शुदा बच्चों की जानकारी के प्रकाशन के साथ परिचय सम्मेलन मे भी उनका परिचय कराया जावेगा। समाज द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को निशुल्क पुस्तकें एवं पाठ्यसामग्री भी उपलब्ध करायी जावेगी।

शशिकांत दीक्षित ने बताया कि बैठक मे सदस्यों को हर माह हर वार्ड मे निशुल्क ब्लड डोनेशन केम्प, निशुल्क आयुष्मान कार्ड केम्प, निशुल्क विधिक सहायता केम्प, निशुल्क मेडिकल केम्प एवं अन्य जरूरतमंद सहायता केम्प के लिये अलग अलग जिम्मेदारियां दी गईं।

इस मौके पर श्रीमती संध्या त्रिपाठी, राजीव दीक्षित, अरविन्द तिवारी, पुरुषार्थ मिश्रा, अनिल त्रिपाठी, दिनेश त्रिवेदी, प्रदीप अवस्थी, रश्मि अवस्थी, राजीव दुबे, अबधेश त्रिपाठी, दिनेश मिश्र, कौशल किशोर चतुर्वेदी, आदित्य मिश्र, अखिल बाजपेई, रेखा दीक्षित, सेलेन्द्र दीक्षित, सुधा दीक्षित, अंजू दीक्षित, योगेंद्र दीक्षित, मीना दीक्षित पीयूष त्रिवेदी, मयंक दीक्षित, रविकांत बाजपेई ऐ के तिवारी एवं अन्य सदस्य उपस्तिथ थे।

## सिरदर्द से परेशान महिला ने लगाई फांसी

**ग्वालियर।** जिले के भीतरवार क्षेत्र से एक दुखद घटना सामने आई है, जहाँ लंबे समय से सिरदर्द की बीमारी से जूझ रही एक महिला ने हताश होकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार, भीतरवार के वार्ड क्रमांक-8 निवासी देवेंद्र सिंह राजपूत, जो मोहनगढ़ स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में उप-प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं, की 42 वर्षीय पत्नी कविता राजपूत पिछले काफी समय से सिरदर्द की समस्या से पीड़ित थीं। परिजन उन्हें लगातार बेहतर इलाज दिलवाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन लंबे उपचार के बाद भी उन्हें कोई राहत नहीं मिल पा रही थी। बीती रात जब पूरा परिवार रात के खाने की तैयारी में व्यस्त था, उसी समय कविता अपने कमरे में चली गईं और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया।


**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन महाराणा प्रताप नगर, भोपाल 462011- (म.प्र.) phone:0755-2573444, FAX: 0755-2573418, E-mail:- gmmp@fci.gov.in

क्र. एसएंडसी/13/एचटीसी/एनआईटी/2026/13 दिनांक : 16.07.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्य प्रदेश क्षेत्र में विभिन्न नियमित हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर **online** प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य / वैध होगा।

**महाप्रबंधक (क्षेत्र)**


# राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है स्वच्छ परिवेश : गजेन्द्र

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 जुलाई.** भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर द्वारा 'स्वच्छता पखवाड़ा' के समापन के उपलक्ष्य में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एनएसओ के निदेशक गजेन्द्र सोनी ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता महज एक व्यक्तिगत आदत नहीं, बल्कि हमारा सामाजिक उत्तरदायित्व है। श्री सोनी ने कहा कि 'स्वच्छ भारत' का सपना प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही साकार होगा, क्योंकि स्वच्छ वातावरण ही राष्ट्र निर्माण की वास्तविक नींव है।



क्विज़ प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया उत्साह

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी एवं नोडल अधिकारी अरविंद पाण्डेय ने किया। इस दौरान छात्रों के लिए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित एक रोचक प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली और दैनिक स्वच्छता से संबंधित सवालों के जवाब दिए। विजेता विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षिका श्रीमती वंदना शुक्ला द्वारा अतिथियों के स्वागत और परिचय के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्राचार्य श्री पवन कुमार जैन सहित शिक्षकगण श्रीमती वंदना दीपक शुक्ला, डी.पी. शर्मा, डॉ. आर.के. मीना एवं अरुण खेवरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर छात्रा अंशिका मवई ने सभी को स्वच्छ भारत निर्माण का संकल्प दिलाया। इस आयोजन को सफल बनाने में एनएसओ के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी नितेश कुमार, मनीष कुमार विकास, रॉबिन सिंह तथा प्रशासनिक स्टाफ- मोहित, निमेष एवं विक्रम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कार सवार बदमाश को पिस्टल के साथ दबोचा

ग्वालियर। थाटीपुर थाना पुलिस ने एक बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले ही एक बदमाश को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी को गोदाम बस्ती इलाके से कार के साथ पकड़ा है। तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड से एक लोडेड पिस्टल बरामद की गई है थाटीपुर थाना प्रभारी विपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध युवक किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से गोदाम बस्ती में कार में बैठा है और उसके पास हथियार मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही कार सवार युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने उसे सफलतापूर्वक पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान रामू राठौर के रूप में हुई है, जो मूल रूप से अंबाह (मुरैना) का निवासी है और वर्तमान में थाटीपुर क्षेत्र में रह रहा था।


**उत्तर मध्य रेलवे**

L. No. JHS-ELG-W-T-10-2026-27 दिनांकः 07.07.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदियें आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.:** झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-10-2026-27, **कार्य का विवरणः** विद्युत सामान्य कार्यः- झाँसी परिसर में AC कोच के लिए प्री-कूलिंग पॉइंट्स का बदलना और उनमें बदलाव करना।
**निविदा राशि :** ₹ 68,78,910/- मात्र | **बयाना राशि :** ₹ 1,37,600/- मात्र
**कार्य समापन अवधिः** 06 माह | **निविदा बंद होने की तिथिः** 31.07.2026 (15:00 बजे तक)

**नोटः (1)** निविदाकार निविदा दिनांक **31.07.2026** को **15:00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। **(2)** पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिय भारतीय रेल के बेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 1609/26 (MG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

L. No.: JHS-ELG-W-T-06-2026-27 दिनांकः 07.07.2026

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं:** झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-06-2026-27 | **निविदा राशिः** ₹ 1,24,94,774/- मात्र
**कार्य का विवरणः विद्युत सामान्य कार्य :-** झाँसी डिवीजन के स्टेशनों पर इमरजेंसी लाइटिंग सिस्टम में सुधार।
**बयाना राशिः** ₹ 2,49,900/- मात्र | **कार्य समापन अवधिः** 06 माह
**निविदा बंद होने की तिथिः 31.07.2026 (15.00 बजे तक)**

निविदाकार निविदा **दिनांक 31.07.2026** को **15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 1608/26 (A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in




## छात्रों पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज का विरोध

ग्वालियर-नीट पेपर लीक मामले के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन सौंपने गए छात्रों पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने इसे सरकार और जिला प्रशासन का 'दमनकारी और तानाशाही' रवैया करार दिया है। इस कार्रवाई के विरोध में आज शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से मोर्चा खोलते हुए इसे अघोषित आपातकाल जैसा माहौल बताया। आज आयोजित एक प्रेसवार्ता में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि 13 जुलाई को छात्र केवल लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रख रहे थे, जिसे कुचलने का प्रयास किया गया। संगठनों ने एक स्वर में कहा कि युवाओं की आवाज को एफआईआर के जरिए दबाना लोकतंत्र के खिलाफ है। इसी कड़ी में सभी सामाजिक संगठन एकत्रित होकर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेंगे और छात्रों पर दर्ज की गई एफआईआर को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग करेंगे।


**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**

**NOTICE INVITING E-TENDER (1st CALL)**

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria :-

| S. No. | System E-Tender No. | Name of Work | Probable Amount of Contract & EMD & Cost of Tender Form | Completion Period (Months) | Date of Purchase & Submission of Bids | Date of Opening of Tenders Envelop A & Envelop C |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TENDER No. 2026_ MPHID_519776 (Ist Call) | Development Works of Atal Ashray Yojna Anandam Nagar Isagarh Distt. Ashoknagar. | Rs. 172.65 Lacs ( I/C GST ) & Rs. 172650.00 & Rs. 14750.00 | 09 Month i/c Rainy Season | Dt. 16.07.2026 10:30 AM TO 30.07.2026 17:30 Hrs. | Dt. 31.07.2026 10:30 AM Envelop A & Dt. 31.07.2026 15:00 Hrs. Envelop-C |

**Note :-** (1) Interested bidders can view the detailed NIT on website **https://www.mptenders.gov.in.** (2) Amendments to NIT, if any would be published on website only, and not in newspapers. (3) EMD as per portal i.c., use only online payment for EMD/ Registration fees and processing fees. No Offline mode of payment/Document should be accepted. (4) Tender Processing can be postponed/Cancelled at any stage without informing of any reason/cause. (5) The Rate quoted by the contractor shall be Inclusive of the GST and inclusive of all other levies, duties, cess, toll, taxes of Central and State Governments, local bodies and authorities.

**Visit us . www.mphousing.in**
**https://www.mptenders.gov.in**
**Email : eednhbgun@mp.gov.in**

/ mphidb / mphidb

**(A.K. PANT)**
**E.E., Division - Guna**
**Mob. : 94257 67884**
M.P. Madhyam/126894/2026


### डीडी नगर संदीपनी स्कूल में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का शुभारंभ

**ग्वालियर।** डीडी नगर स्थित संदीपनी शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का शुभारंभ विद्यालय के उप प्राचार्य अहिबरन सिंह कुशवाह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने गुरु महिमा, भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उप प्राचार्य अहिबरन सिंह कुशवाह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु केवल शिक्षा ही नहीं.


**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 17 वार्ड क्रं. 38, भवन क्रं. ...., स्थान: जनकपुरी गेट बघेल मोहल्ला, गोल पहाड़ियाँ पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती हरी सिंह / श्री रामचरन बघेले के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000214797 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. A1/1631 दिनांक 10.08. 2004 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ढ़ोली बुआ का पुल क्षे.क्रं. 17 पर दिनांक 10.07.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 71/2010/59116/59307/प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**रामनिवास, राजवीर / श्री विजय सिंह बघेले विजय सिंह / श्री बाबू सिंह**
पता: जनकपुरी गेट बघेल मोहल्ला, गोल पहाड़ियाँ, वार्ड-38
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 14-07-2026

**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 15 वार्ड क्रं. 43, भवन क्रं. 1133, स्थान: 1133 का भाग मोची ओली पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती दीपक माखिजा / श्री द्वारिका दास माखिजा के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000229955 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 159 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. A100260459 दिनांक 01.05.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गाँधी मार्केट क्षे.क्रं. 15 पर दिनांक 14.07.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 70/2010/48840/48802/प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**श्रीमती ट्रिप्सी खंडूजा / श्री चेतन खंडूजा**
पता: 1133 का भाग मोची ओली, वार्ड-43
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 14-07-2026

**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.20 वार्ड क्रं. 51, भवन क्रं. 2354 का भाग, स्थान: प्रगति अपार्टमेन्ट श्री कृष्ण कॉलोनी दानी की बगिया पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती बृजलाल चिमनानी / श्री आडतराम चिमनानी के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000234572 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. R-28102501558519 दिनांक 19.10. 2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र सिन्धी कॉलोनी क्षे.क्रं. 20 पर दिनांक 14.07.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 74/2010/65840/65895/प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**बीना मिश्रा पत्नी श्री मदन मोहन मिश्रा**
पता: प्रगति अपार्टमेन्ट श्री कृष्ण कॉलोनी दानी की बगिया, वार्ड-51, मो. 9329622566
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 14-07-2026

**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.20 वार्ड क्रं. 51, भवन क्रं. 2354 का भाग, स्थान: प्रगति अपार्टमेन्ट श्री कृष्ण कॉलोनी दानी की बगिया पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती बृजलाल चिमनानी / श्री आडतराम चिमनानी के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000234572 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. R-28102501558382 दिनांक 19.10. 2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र सिन्धी कॉलोनी क्षे.क्रं. 20 पर दिनांक 14.07.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 74/2010/65841/65896/प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**पुष्पा सविता पत्नी श्री वृजेश सविता**
पता: प्रगति अपार्टमेन्ट श्री कृष्ण कॉलोनी दानी की बगिया, वार्ड-51, मो. 9340882851
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 14-07-2026

**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 15 वार्ड क्रं. 43, भवन क्रं. 1133, स्थान: 1133 का भाग मोची ओली पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती दीपक माखिजा / श्री द्वारिका दास माखिजा के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000229956 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 232 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. A100260535 दिनांक 01.05. 2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गांधी मार्केट क्षे.क्रं. 15 पर दिनांक 14.07.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 70/2010/48841/48803/प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**श्रीमती ट्रिप्सी खंडूजा / श्री चेतन खंडूजा**
पता: 1133 का भाग, मोची ओली, वार्ड-43
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 14-07-2026

**कार्यालय शा. सांदीपनि ठा. लाल सिंह उ.मा.वि. बैरसिया जिला भोपाल**

Dise Code-23320129258 Gmail: balakberasia6310@gmail.com
Telephone No. 07565-299020

क्रमांक/कृषि भूमि/ रवि फसल 2026-27/35/ बैरसिया, दिनांक - 08/07/2026

**खुली निविदा सूचना क्रमांक ::- 01/2026-27**

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि शासकीय सांदीपनि ठा. लालसिंह उ.मा. वि. बैरसिया जिला भोपाल अन्तर्गत कृषि फार्म विदिशा रोड बैरसिया पर स्थित है, जहाँ लगभग 35 एकड़ विद्यालय की कृषि योग्य भूमि है। खरीफ एवं रवि फसल 2026-27 हेतु 10 माह के लिए उक्त भूमि पर खेती करने वाले इच्छुक स्थानीय कृषकों / संस्थानों / समूहों से सीलबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | कार्य विवरण | कृषि योग्य भूमि | अनुमानित प्रति एकड़ राशि रू. | अनुमानित कुल राशि रू. | निविदा शुल्क रू. | अमानत राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खरीफ एवं रवि फसल 2026-27 | 35 एकड़ | 10000/-रू. | 350000/-रू. | 500/-रू. | 50000/-रू. |

भरी हुई निविदाएँ दिनांक 14/07/2026 से 21/07/2026 अपरान्ह 01:00 बजे तक जमा करना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 21/07/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जावेगी, जिसमें संबंधित की उपस्थिति अनिवार्य है। बिना शुल्क राशि 500 रू. के तथा निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाऐं मान्य नहीं की जावेगी। निविदा में चयन उपरान्त संबंधित को संस्था के खाते में निविदा दिनांक से 7 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि जमा करनी अनिवार्य है। अन्यथा संबंधित की निविदा निरस्त कर दी जावेगी एवं धरोहर राशि जप्त हो जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित का होगा।

G-15648/26

**प्राचार्य**
**शासकीय सांदीपनि ठाकुर लाल सिंह उच्च माध्य. विद्यालय, बैरसिया**

**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल ग्वालियर (म.प्र.)**

क्रमांक/ 188 / तकनीकी शाखा/2026 ग्वालियर, दिनांकः-08.07.2026

**निविदा सूचना (अल्पकालिक)**
**(चतुर्थ आमंत्रण) वर्ष 2026-27**

पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मों की ओर से केन्द्रीय जेल ग्वालियर सर्किल की अधीनस्थ जेलों (जिला जेल दतिया, मुरैना एवं सब जेल डबरा, मेहगांव, गोहद, लहार, अम्बाह, जौरा, सबलगढ़, सेवढ़ा, विजयपुर) में स्थापित सी.सी.टी.व्ही. सर्वेलान्स सिस्टम के वार्षिक रख-रखाव (AMC) हेतु वार्षिक निविदा वर्ष 2026-2027 (चतुर्थ आमंत्रण) ई-निविदा वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर दिनांक 29.07.2026 को सांयकाल 05.30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक फर्म/प्रतिष्ठान जेल से निविदा संबंधित पूर्ण जानकारी कार्यालय समय 11.00 बजे से 17.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। निविदा की जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाईट पर भी उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग की तिथि | दिनांक 22.07.2026 प्रात: 11:00 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल ग्वालियर |
| 2. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 29.07.2026 सायंकाल 05:30 बजे | www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जावेगी। |
| 4. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 31.07.2026 प्रात: 11:00 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल ग्वालियर |
| 5. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | -------------- | तकनीकी निविदा कार्यवाही पूर्ण होने पर |

1. निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेवसाईट पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेवसाईट पर देखें।
2. निविदा में किया गया कोई भी संशोधन www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, जिसकी सूचना केन्द्रीय जेल ग्वालियर के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी। पृथक से कोई भी संशोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जावेगा।

G-15651/26

**जेल अधीक्षक**
**केन्द्रीय जेल ग्वालियर**